भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1056

दिनांक 09 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पुडुचेरी में एनएचएम के तहत गुणवत्ता आश्वासन समिति का गठन

1056 **श्री एस. सेल्वागनबेथीः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों के अन्तर्गत पुडुचेरी में गुणवत्ता आश्वासन समितियां गठित की गई हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) समिति द्वारा आयोजित बैठकों का ब्यौरा क्या है तथा अस्पताल की गुणवत्ता में सुधार हेतु अब तक क्या कार्रवाई की गई है;
(घ) क्या इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए पुडुचेरी सरकार ने किसी तृतीय पक्ष लेखापरीक्षा की व्यवस्था की है; और
(ङ) क्या पुडुचेरी सरकार ने लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई गुणवत्ता प्रमाणन-आईएसओ प्राप्त किया है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में परिचर्या की गुणवत्ता में सुधार के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को आईएसक्यूए द्वारा मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों के आधार पर अपनी सेवाओं का मूल्यांकन और प्रमाणन करने के लिए एक संरचित ढाँचा प्रदान करता है।.

यह कार्यक्रम जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों और हाल ही में एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को कवर करता है। एनक्यूएएस आठ महत्वपूर्ण क्षेत्रों - सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायक सेवाएँ, नैदानिक

परिचर्या, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम - के इर्द-गिर्द आयोजित किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायगी के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है। एनक्यूएएस के तहत प्रमाणन रोगी के विश्वास को बढ़ाता है, जवाबदेही को मज़बूत करता है और भारत की स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ जोड़ता है, जिससे देश के सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को बल मिलता है।

यह गुणवत्ता ढांचा राज्य स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन समिति (एसक्यूएसी) के माध्यम से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन समिति (डीक्यूएसी) के माध्यम से, जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संचालित होता है और दोनों निकायों में मानकों और रिपोर्टिंग की देखरेख के लिए स्वास्थ्य निदेशकों, विशेषज्ञों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों का एक विविध मिश्रण शामिल होता है।

चूंकि "जन स्वास्थ्य और अस्पताल" राज्य का विषय है, इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को मजबूत करने की प्राथमिक जिम्मेदारी, जिसमें गुणवत्ता आश्वासन समितियों की स्थापना और एनक्यूएएस कार्यक्रम के तहत गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त करना शामिल है, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।

पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पुडुचेरी में राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन समितियों का गठन अभी तक नहीं हुआ है। पुडुचेरी सरकार द्वारा किसी तृतीय पक्ष ऑडिटिंग नहीं की गई है। पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में 11 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को राज्य प्रमाणन प्रदान किया गया है। एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एएएम-पीएचसी) को एनक्यूएस के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। पुडुचेरी के दो जिला अस्पतालों और एक सरकारी मेडिकल कॉलेज को लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

*****